सेकें डरी स् कू ल स् थान आवंटन परणाली 2020/2022
माध् यमिक वन विवेकाधीन स् थानों के लिए आवेदन पर Notes for Parents
(फरवरी 2022 में अपडेट हैअ)

प्राथमिक 6 विद्यार्थियों के ऐसे अभिभावक जो माध्यमिक विद्यालय में स्थान आवंटन (SSPA) प्रणाली 2020/2022 के माध्यम से माध्यमिक 1 (S1) विवेकाधीन स्थान (DP) के लिए आवेदन करने की इच्छा रखते हैं, उन्हें इस दस्तावेज (Notes for Parents) को ध्यान से पढ़ने और उसके अंतर्गत दिए गए बिंदुओ को माध्यमिक वन विवेकाधीन स्थान Application Form (Application Form) के संदर्भ में उपयोग की सलाह दी जाती है।

आवश्यकताएं

2. प्रत्येक छात्र माध्यमिक वन विवेकाधीन स्थानों (Handbook) के लिए आवेदन के लिए Handbook में सूचीबद्ध **अधिकतम दो** भाग लेने वाले माध्यमिक विद्यालयों में आवेदन कर सकता है, अन्यथा DP प्राप्त करने का उसका मौका जब्त कर लिया जाएगा। एड्डूकेशन ब्यूरो (EDB) द्वारा Handbook प्रकाशित की जाती है और जिस दिन माता-पिता को Application Forms और Notes for Parents वितरित किए जाते हैं, उस दिन प्रदान किया जाएगा। अभिभावक EDB के मुख्य पृष्ठ (www.edb.gov.hk) पर जाकर (चयन करें: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Places Allocation (SSPA) System) सूचियों को डाउनलोड कर सकते हैं या 2891 0088 पर EDB के 24 घंटे स्वचालित टेलीफोन पूछताछ केन्द्र पर कॉल करके (2 दबाएं (अंग्रेजी) > 5 (फ़ैक्स सेवा) > 04 (माध्यमिक स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली: स्कूल सूचियाँ)) फ़ैक्स द्वारा सूचियों प्राप्त कर सकते हैं।

3. दो से अधिक प्रतिभागी माध्यमिक स्कूलों को DP आवेदन न करने के अलावा, विद्यार्थी SSPA प्रणाली में भाग नहीं ले रहे Jockey Club Ti-I College[1] और डायरेक्ट सब्सिडी योजना (DSS) माध्यमिक स्कूलो मे (NDSS secondary schools)[2] भी S1 स्थान के लिए आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन अवधि

4. भाग लेने वाले सभी माध्यमिक विद्यालयों के लिए DP आवदेन की अवधि **होगी 3 जनवरी (सोमवार) से लेकर 17 जनवरी 2022 (सोमवार) तक, दोनों तिथियों को शामिल करके।** अलग-अलग स्कूलों के संचालन घंटों के विषय में जानकारी स्कूलों से सीधे संपर्क करके प्राप्त की जानी चाहिए।

---

[1] Jockey Club Ti-I College के लिए S1 प्रवेश के लिए आवेदन अवधि 3 जरवरी (सोमवार) से लेकर 19 जनवरी 2022 (बुधवार) तक है। यदि विद्यार्थी Jockey Club Ti-I College में अपने आवेदन के साथ सफल रहते हैं, तो उन्हें SSPA प्रणाली के अंतर्गत DP या केन्द्रीय आवंटन (CA) में स्थान आवंटित नहीं किया जाएंगा । यदि वे अपने आवेदन में असफल रहते हैं, तो वे फिर भी S1 स्थान के लिए SSPA प्रणाली के माध्यम से जा सकते हैं।

[2] NDSS secondary schools के आवेदन की अपनी समय-सारिणी होती है। कृपया विवरण के लिए संबधित स्कूलों से सीधे संपर्क करें। क्योंकि NDSS secondary schools को आवेदन करने की कोई सीमा नहीं है, हो सकता है कि विद्यार्थी को कई NDSS secondary schools में स्वीकारकर लिया जाए। लेकिन, यदि अभिभावक ने प्रवेश की पेशकश कर रहे किसी एक स्कूल को हस्ताक्षरित उपक्रम और प्राथमिक 6 विद्यार्थी रिकॉर्ड प्रपत्र की मूल प्रति प्रस्तुत कर दी है, तो यह NDSS secondary school द्वारा पेश किए गए S1 स्थान की स्वीकृति की पुष्टि के रूप में काम करेगा और यह सहमति प्रकट करेगा कि वे किसी भी अन्य सब्सिडी वाले S1 स्थान को त्याग करते हैं SSPA (जिसमें प्रतिभागी माध्यमिक स्कूल और Jockey Club Ti-I College के S1 स्था भी शामिल है)। स्कूल EDB को जून 2022 की शुरुआत तक अभिभावक के निमार्ण के बारे में सुचित करेगा। NDSS secondary schools से सफल सूची प्राप्त करने के पश्चात, EDB सूची में उपस्थित विद्यार्थियों को SSPA प्रणाली के माध्यम से अन्य माध्यमिक स्कूलों को आंवटित नहीं करेगी। जहाँ तक SSPA 2020/2022 की DSS माध्यमिक स्कूलों की सूची का प्रश्न है, उस विषय में अभिभावक अपने बच्चों के प्राथमिक स्कूलों की सहायता ले सकते हैं। अभिभावक EDB के मुख्य पृष्ठ (www.edb.gov.hk) पर जाकर (चयन करें: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Place Allocation (SSPA) System) सूचियों को डाउनलोड कर सकते हैं या 2891 0088 पर EDB के 24 घंटे स्वचालित टेलीफोन पूछताछ केन्द्र पर कॉल करके (2 दबाएं (अंग्रेजी) > 5 (फ़ैक्स सेवा) > 04 (माध्यमिक स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली: स्कूल सूचियाँ)) फ़ैक्स द्वारा सूचियों प्राप्त कर सकते हैं।

Application Form

5. Application Form को विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के उपयोग के लिए बनाया गया है जो SSPA प्रणाली (अर्थात् Handbook में सूचीबद्ध विद्यालयों) में भाग ले रहे सरकारी, सहायता-प्राप्त, और कैपट माध्यमिक स्कूलो के साथ-साथ DSS माध्यमिक स्कूलों में DP आवेदन करने के लिये है। भाग ले रहे प्रत्येक प्राथमिक 6 विद्यार्थी को दो Application Forms उसके स्वयं के प्राथमिक स्कूल से प्राप्त होते हैं।

6. प्रत्येक Application Form चार भागों में विभाजित होती है: EDB की प्रति (नीले रंग में), स्कूल की प्रति (हरे रंग मे), अभिभावक की प्रति (लाल रंग में), और स्कूल प्राथमिकता का क्रम (ऑर्डर ऑफ़ प्रीफ़रेन्स या स्कूल प्राथमिकता क्रम 1 का अर्थ है पहली प्राथमिकता, और स्कूल प्राथमिकता क्रम 2 का अर्थ है दूसरी प्राथमिकता)(लाल रंग में) । विद्यार्थी जानकारी Application Form के प्रत्येक भाग में पहले से मुद्रित होती है। उदाहरण के रूप में, अभिभावक प्रति में पहले से मुद्रित जानकारी में शामिल है:

- आवंटन चक्र
- विद्यार्थी संदर्भ संख्या
- आवेदन संख्या
- विद्यार्थी का नाम
- लिंग
- जन्मतिथि
- बच्चे का प्राथमिक स्कूल

7. Application Form और प्राथमिक 6 विद्यार्थी रिकॉर्ड प्रपत्र[3], एकत्रित करने के पश्चात, अभिभावकों से अनुरोध है कि वे तुरंत जाँच लें कि निम्नलिखित पूर्व मुद्रित जानकारी बच्चे के पहचान दस्तावेज पर प्रदान की निजी जानकारी से मेल खाती है:

- विद्यार्थी का नाम
- लिंग
- जन्मतिथि

यदि कोई विसंगति हो, तो अभिभावकों को बच्चे के प्राथमिक स्कूल को संशोधन करने के लिए तुरंत सूचित करना चाहिए, जिसे प्राथमिक स्कूल के मुहर से समर्थित होना चाहिए। Application Form पर उपस्थित पहले से मुद्रित जानकारी को अभिभावकों को स्वयं संशोधित नहीं करना चाहिए, और जिन माध्यमिक स्कूलों को आवेदन किया गया है, वे भी Application Form प्राप्त करते समय पहले से मुद्रित जानकारी को संशोधित नहीं करेंगे।

आवेदन प्रक्रियाएं

8. अभिभावक एक DP के लिए आवेदन करने का चयन कर सकते है। यदि अभिभावक DP आवेदन करने का चयन करते हैं, तो उन्हें निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करके Application Form प्रस्तुत करना चाहिए:

(i) प्राथमिकता के आधार पर Application Form के सभी चार भागों में प्रदान किए गए स्थान पर उस माध्यमिक स्कूल का नाम भरें जिसके लिए आप आवेदन करना चाहते हैं।

(ii) प्रतिधारण और रिकार्ड के लिए स्कूल प्राथमिकता क्रम युक्त हिस्सा अलग करें (विद्यार्थियों को स्कूल प्राथमिकता क्रम के विषय में उन स्कूलों को सूचित करना आवश्यक नहीं हैं जिन्हें वे आवेदन करना चाहते हैं)। अन्य तीन भागों को संलग्न रखा जाना चाहिए।

[3] Jockey Club Ti-I College और NDSS secondary schools में S1 प्रवेश के लिए आवेदन करते समय प्राथमिक 6 विद्यार्थी रिकॉर्ड प्रपत्र को पहचान दस्तावेज़ के रूप में उपयोग किया जाता है।

(iii) एक समान आवेदन संख्या वाल EDB की प्रति, स्कूल की प्रति और अभिभावक की प्रति (सभी तीन हिस्सों को संलग्न रखते हुए) स्कूल को सीधे प्रस्तुत करें और साथ ही माध्यमिक स्कूल द्वारा माँगें गए आवश्यक संबंधित दस्तावेजों को भी प्रस्तुत करें (उदाहरण के लिए, माध्यमिक विद्यालय का विधिवत भरा हुआ प्रवेश पत्र)।

(iv) स्कूल द्वारा जाँच के लिए विद्यार्थी आवेदक के पहचान दस्तावेज़ की मूल प्रति दिखाएं।

(v) अंत में, स्कूल मुहर, स्कूल का नाम और स्कूल कोड वाली अभिभावक प्रति को अपने प्रतिधारण और रिकॉर्ड के लिए प्राप्त करें।

<u>अभिभावकों को याद रखना चाहिए कि एक बार प्रस्तुत करने के पश्चात, Application Form पुन प्राप्त या को रद्द नहीं किया जा सकता है और स्कूल प्राथमिकता क्रम में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।</u>

9. यदि विद्यार्थी **<u>केवल एक माध्यमिक विद्यालय को आवेदन</u>** करने की इच्छा रखता है, तो स्कूल प्राथमिकता क्रम 1 का Application Form उपयोग किया जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी अपने दोनों Application Forms एक ही स्कूल को प्रस्तुत करता है, तो EDB केवल स्कूल प्राथमिकता क्रम 1 के आवेदन को संसाधित करेगी और स्कूल प्राथकिता क्रम 2 के आवेदन को अमान्य कर दिया जाएगा। कोई भी अप्रयुक्त Application Form हस्तांतरणीय नहीं है। आवेदन की अवधि के बाद अभिभावक स्वयं Application Forms को रख सकते हैं या उसे नष्ट कर सकते हैं।

10. निम्नलिखित परिस्थितियों में, माध्यमिक स्कूल द्वारा Application Forms संसाधित नहीं किया जाएगा:

- समय अवधि के समापन के पश्चात प्रस्तुत Application Forms
- आवंटन चक्र, विद्यार्थी संदर्भ संख्या और आवेदन संख्या में संशोधन किए गए Application Forms
- प्राथमिक विद्यालय के मुहर के बिना विद्यार्थी के नाम, लिंग और जन्मतिथि में संशोधन किए गए Application Forms
- डुप्लीकेट, क्षतिग्रस्त या अपूर्ण Application Forms

स्कूल स्थानों का आवंटन

11. भाग लेने वाले माध्यमिक स्कूल अपने सिद्धांतों और संस्क़ृति के अनुसार स्वयं प्रवेश मानदंड तैयार कर सकते हैं। यह आवश्यक है कि वे अपने प्रवेश मानदंडों और वेटेज को और साथ ही आवेदन के लिए अपनी DP संख्या को सार्वजनिक करें, और इसे स्कूल में एक प्रमुख स्थान में प्रदर्शित करें या प्रवेश से पहले लिखित रूप में प्रत्येक छात्र आवेदक को लिखित में उपलब्ध कराए। एक स्कूल में आवेदन करने से पहले, माता-पिता को एक स्कूल के सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए, उदाहरण के लिए इसके शैक्षिक दर्शन, संस्कृति, धर्म, प्रवेश मानदंड और भार, कक्षा संरचना, विकास और संचालन, और उनके बच्चों की क्षमताओं, झुकाव और रुचियों को ताकि उपयुक्त स्कूल का चुनाव किया जा सके। स्कूल साक्षात्कार की व्यवस्था कर सकते हैं, लेकिन किसी भी रूप में लिखित परीक्षा आयोजित नहीं की जानी चाहिए।

12. DP आवेदनों को संसाधित करने के बाद, सभी भाग लेने वाले माध्यमिक विद्यालय (Jockey Club Ti-I College सहित) को, सफल बच्चों के आवेदक माता-पिता को समावेश के लिए 4 मई 2022 को विवेकाधीन स्थानों की सफल सूचियों में पत्र और फोन द्वारा सूचित करना आवश्यक है। स्कूलों को आवश्यक है कि वे अभिभावकों को अधिसूचना व्यवस्था से अच्छी तरह से अवगत कराएँ, और पहले से ही माता-पिता से आवश्यक संपर्क जानकारी एकत्र करें। ये अधिसूचना व्यवस्था आरक्षित और असफल आवेदकों पर लागू नहीं होती, **<u>न ही आवंटन परिणामों की अधिसूचनाओं पर</u>**। संबंधित माता-पिता को सूचनाओं का जवाब देने की आवश्यकता नहीं है।

13. यदि जिन माता-पिता ने भाग लेने वाले माध्यमिक स्कूलों से सूचनाएँ प्राप्त की हैं और अपने बच्चों के लिए स्कूल स्थान के लिए NDSS secondary school में सफलतापूर्वक आवेदन किया है, तो वे 12 मई 2022 को या उससे पहले NDSS secondary school से प्रस्ताव को स्वीकार करने का फैसला कर सकते हैं। यदि माता-पिता NDSS secondary school की जगह को रोक कर रखने का निर्णय लेते हैं, तो उन्हें भाग लेने वाले माध्यमिक विद्यालयों से सूचनाओं की

अवहेलना करनी चाहिए। यदि वे NDSS secondary school के प्रस्ताव को अस्वीकार करने का निर्णय लेते हैं, तो वे संबंधित NDSS secondary school को सूचित कर सकते हैं और DP को रोके रखने के लिए 12 मई 2022 को या उससे पहले प्राथमिक 6 विद्यार्थी रिकॉर्ड फॉर्म की मूल प्रति और हस्ताक्षरित माता-पिता के उपक्रम को पुनःप्राप्त कर सकते हैं। एक बार संबंधित दस्तावेज प्राप्त हो जाने के बाद, यह पुष्टि के रूप में काम करेगा कि संबंधित माता-पिता ने NDSS secondary school द्वारा पहले पेश किए गए S1 स्कूल स्थान को छोड़ दिया है।

14. भाग लेने वाले माध्यमिक विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत विवेकाधीन स्थानों के लिए सफल सूचियों के आधार पर, EDB मई 2022 की शुरुआत में प्रत्येक प्रतिभागी प्राथमिक विद्यालय को अपनी संबंधित DP आवेदकों की सूची प्रदान करेगा (जिसमें संबंधित माध्यमिक विद्यालयों का नाम नहीं दिखाया जाएगा और यह कि क्या छात्र एक या दो माध्यमिक विद्यालयों द्वारा सफल आवेदक के रूप में चुने गए हैं)।

15. पैराग्राफ 12 से 14 में व्यवस्थाएँ प्रशासनिक उपाय हैं और मौजूदा SSPA तंत्र अपरिवर्तित है। प्रत्येक Application Form में स्कूल की तरजीह के छात्र के क्रम की पहचान के लिए एक अद्वितीय संख्या होती है। EDB स्कूलों की सफल और आरक्षित सूची के साथ छात्रों की तरजीह से मिलान करेगा। यदि कोई छात्र उन दोनों विद्यालयों में सफल होता है जिनमें वह आवेदन करता है, और किसी भी NDSS secondary school से स्कूल स्थान स्वीकार नहीं करता है, तो उसे तरजीह के क्रम के आधार पर उसकी पहली पसंद का S1 स्थान आवंटित किया जाएगा।

16. जो विद्यार्थी DP आवेदन में सफल रहते है उन्हें CA में स्कूल स्थान नहीं प्राप्त होगा । जो DP प्राप्त करने में असफल रहे है, उन्हें CA में स्थान आंवटित किया जाएगा । यदि अभिभावक किसी ऐसे माध्यमिक स्कूल के लिए आवेदन करते हैं जो SSPA प्रणाली के अंतर्गत इस आवंटन चक्र में S1 स्थान प्रदान नहीं करेंगा, तो आवेदन संसाधित नहीं किया जाएगा ।

17. जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिए DP के लिए आवेदन नहीं किया है, या विवेकाधीन स्थानों के लिए अपने बच्चों को सफल सूचियों में शामिल करने वाले भाग लेने वाले माध्यमिक विद्यालयों से अधिसूचना प्राप्त नहीं की है तो उन्हें मई 2022 की देर आत में उनके प्राथमिक स्कूलों के माध्यम से जल्द से जल्द EDB में माध्यमिक वन स्कूलों की पसंद फॉर्म (Choice Form) को पूरा करना चाहिए। यह इस बात को सुनिश्चित करने के लिए है कि छात्रों को CA के माध्यम से भी S1 स्थानों का आवंटन किया जाएगा यदि उनके DP आवेदन सफल नहीं हुए हैं। जिन अभिभावकों को बच्चों को विवेकाधीन स्थानों की सफल सूचियों में शामिल करने के लिए भाग लेने वाले माध्यमिक विद्यालयों द्वारा सूचित किया जाता है, उन्हें स्कूल की पसंद को भरने की आवश्यकता नहीं होती है। उन्हें केवल स्कूल की पसंद के भागों को चिन्हित करना होगा और Choice Form पर हस्ताक्षर करना होगा, और Choice Form को उन स्कूलों में वापिस करना होगा जहाँ उनके बच्चे अभी हैं। DP **और** CA **के परिणाम एक ही समय में** 12 **जुलाई** 2022 **को जारी किए जाएँगे**[4]. अभिभावकों को परिणामों की घोषणा से पहले उन स्कूलों से पूछताछ करने की आवश्यकता नहीं है जिनमें वे अप्लाई करते हैं।

Application Form के प्रतिस्थापन के लिए आवेदन

18. क्षतिग्रस्त या खोए हुए Application Forms को स्कूल स्थान आवंटन (SPA) अनुभाग से विद्यार्थी आवेदक के पहचान दस्तावेज की मूल प्रति को प्रस्तुत करके प्राप्त किया जा सकता है। प्रत्येक प्रतिस्थापन प्रति के लिए HK$125 का शुल्क लागू किया जाएगा। यदि प्रतिस्थापन प्रति के जारी किए जाने के बाद क्षतिग्रस्त या खोया हुआ Application Form मिल जाता ह , तो अभिभावकों को प्रतिस्थापन प्रति का उपयोग करना चाहिए और पुराने आवेदन को नष्ट कर

[4] प्राथमिक स्कूलों द्वारा आवंटन के परिणामों को एकत्रित करने की तिथि 25 जुलाई 2022 है। यदि उष्णकटिबंधीय चक्रवात चेतावनी सिग्नल प्री-सं/8.सं 8.या उससे ऊपर के जारी होने के कारण EDB उस दिन की सुबह स्कूलोंके बंद रहने की घोषणा करता है, तो परिणामों का एकत्रीकरण 26 जुलाई 2022 तक स्थगित कर दिया जाएगा। आवंटन परिणामों की घोषणा को इसी अनुसार 26 जुलाई 2022 से 27 जुलाई 2022 तक स्थगित कर दिया जाएगा। यदि उष्णकटिंबधीय चक्रवात चेतावनी सिग्नल प्री-सं.8/सं 8. या उससे ऊपर या रेड या ब्लैक तूफ़ान चेतावनी सिग्नल के जारी होने के कारण EDB आवंटन परिणामों की घोषणा के दिन की सुबह (अर्थात् 26 जुलाई 2022) स्कूलों के बंद की घोषणा करता है,तो आवंटन परिणामों की घोषणा अगले स्कूली दिन तक स्थगित कर दी जाएगी।

देना चाहिए। अभिभावकों को एक से अधिक माध्यमिक स्कूल के आवेदन के लिए एक ही स्कूल प्राथमिकता क्रम वाले Application Forms का उपयोग नहीं करना चाहिए, वरना विद्यार्थी के DP प्राप्त करने की संभावना को ज़ब्त कर लिया जाएगा।

पूछताछ

19. अधिक जानकारी के लिए, अभिभावक अपने बच्चों के प्राथमिक स्कूलों से या ईडीबी EDB के SPA विभाग (SSPA) से 2832 7740 या 2832 7700 पर संपर्क करें।

सकल सथान आवटन विभागो
शिक यूरों
दिसबिरो 2021
(फरवरी 2022 मे ोअपडेटहैअ)